| |
|---|
| दिनांक 24.06.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 344/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की मेरठ इकाई द्वारा की गयी ट्रैप की कार्रवाई

मा० मुख्यमंत्री उ0प्र0, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध **"जीरो टॉलरेंस"** की नीति तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण** के सख्त निर्देशों के अनुपालन में भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 द्वारा निरंतर प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

उक्त निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 24.06.2026 को **भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की मेरठ इकाई** द्वारा अतुल गुप्ता निवासी एम-11 कालिन्दी कुज खुर्जानगर जनपद बुलन्दशहर से फर्म के लाइसेन्स निलम्बित करने हेतु दिये गये नोटिस को समाप्त करते हुए फर्म को सुचारू रूप से चलने देने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक योगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में नवीन मण्डी स्थल खुर्जानगर स्थित प्रभारी सचिव आफिस से **प्रभारी सचिव नाहर सिंह (कृषि उत्पादन मण्डी समिति खुर्जानगर बुलन्दशहर)** पुत्र स्व0 कन्हैयालाल निवासी नंगला असरोही थाना बलरई जनपद इटावा को **01 लाख रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

| |
|---|
| दिनांक 24.06.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 345/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद मथुरा/थाना फरह**

- **पुलिस कार्यवाही में 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 23.06.2026 की रात्रि थाना फरह पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर परखम गौशाला के पास चेकिंग के दौरान बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त श्याम सिंह घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना फरह पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना फरह पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–श्याम सिंह निवासी कुथियाना थाना अम्बाह जनपद मुरैना, म0प्र0।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**जनपद जालौन/थाना आटा**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 21 लाख रूपये कीमत की चोरी के 135 ग्राम सोने का टुकडा**
- **97 हजार रूपये नगद बरामद**

दिनांक 24.06.2026 को थाना आटा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–मिठ्ठू उर्फ शिवकुमार 2–अंकित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 21 लाख रूपये कीमत की चोरी के 135 ग्राम सोने का टुकडा, 97 हजार रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.06.2026 को थाना आटा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना आटा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद सोना, रूपया आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना आटा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मिठ्ठू उर्फ शिवकुमार निवासी ग्राम पिपरांया थाना आटा जनपद जालौन।

2–अंकित निवासी ग्राम पिपरांया थाना आटा जनपद जालौन।

**बरामदगी**

1–लगभग 21 लाख रूपये कीमत की चोरी के 135 ग्राम सोने का टुकडा।

2–97 हजार रूपये नगद।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सूरजपुर**

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 12 मोटर साइकिल**
- **भारी मात्रा में चोरी की मोटर साइकिल के पार्टस आदि बरामद**

दिनांक 23.06.2026 को थाना सूरजपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गुलिस्तानपुर अंडरपास से 05 अभियुक्तों 1–सूर्या उर्फ मोहन 2–दीपक 3–लक्की

4–आसिफ 5–अंकित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 12 मोटर साइकिल, भारी मात्रा में चोरी की मोटर साइकिल के पार्टस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त सूर्या उर्फ मोहन के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त दीपक, आसिफ व अंकित के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 05–05 अभियोग एवं अभियुक्त लक्की के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोटर साइकिल आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सूर्या उर्फ मोहन निवासी ग्राम हिरनी, थाना कुचेसर, दरभंगा बिहार, वर्तमानपता ग्राम हबीवपुर, थाना इकोटेक–3 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–दीपक निवासी ग्राम हबीवपुर, थाना इकोटेक–3 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

3–लक्की निवासी ग्राम हबीवपुर, थाना इकोटेक–3 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

4–आसिफ निवासी आकाश–विकास कॉलोनी, थाना कोतवाली हापुड़ जनपद हापुड, वर्तमानपता हल्दौनी, थाना इकोटेक–3 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

5–अंकित निवासी ग्राम लक्ष्मण छपरा, थाना बैरिया जनपद बलिया, वर्तमानपता ग्राम हबीवपुर, थाना इकोटेक–3 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 12 मोटर साइकिल।

2–भारी मात्रा में चोरी की मोटर साइकिल के पार्टस आदि।

## जनपद सिद्धार्थनगर/थाना शिवनगर डिडई

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 85 लाख रूपये (कीमत) की 162 किग्रा0 अवैध गांजा बरामद**

दिनांक 23.06.2026 को थाना शिवनगर डिडई पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बेलगड़ी टोल प्लाजा के मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग से अभियुक्त श्याम उर्फ

श्यामू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 85 लाख रूपये (कीमत) की 162 किग्रा0 अवैध गांजा बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना शिवनगर डिडई पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–श्याम उर्फ श्यामू निवासी ग्राम सारा थाना फतेहगढ़ जनपद फतेहगढ वर्तमान पता–सेक्टर 63 नोएडा फेज–03 मध्य कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–लगभग 85 लाख रूपये (कीमत) की 162 किग्रा0 अवैध गांजा।

## जनपद देवरिया/थाना लार

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **480 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **01 ट्रक बरामद**

दिनांक 24.06.2026 को थाना लार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मेहरौना चेक पोस्ट के पास चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1–शेख खालिद 2–शोएब खान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 480 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 01 ट्रक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना लार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शेख खालिद निवासी पट्टामुन्डाई थाना पट्टामुन्डाई जनपद केन्द्रापरा ओडिसा।

2–शोएब खान निवासी संग्रामपुर थाना प्रतापपुर जनपद चतरा झारखण्ड, हालपता समोध थाना कोठी जनपद गया बिहार।

**बरामदगी**

1–480 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–01 ट्रक।

- **<u>जनपद बाराबंकी/थाना सतरिख (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10–10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 18–18 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बाराबंकी द्वारा थाना सतरिख पर पंजीकृत अभियोग में धारा 304/34/325/323/504 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–बबलू 2–महेश को 10–10 वर्ष के सश्रम कारावास व 18–18 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

| |
|---|
| दिनांक 24.06.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 346/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## उ0प्र0 पुलिस पेन्शनर कल्याण संस्थान का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

उ0प्र0 पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान का बीसवां वार्षिक अधिवेशन दि0 24.06.2026 को पुलिस दूर संचार मुख्यालय महानगर लखनऊ के प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष श्री सुलखान सिंह पुलिस महानिदेशक (से0नि0), महासचिव श्री आर0के0 चतुर्वेदी पुलिस महानिरीक्षक (से0नि0), सचिव प्रथम श्री श्यामपाल सिंह पी0पी0एस0 (से0नि0), सचिव द्वितीय श्री महेन्द्र त्रिपाठी पी0पी0एस0 (से0नि0) एवं कोषाध्यक्ष श्री आर0एल0 निरंजन पी0पी0एस0 (से0नि0) व पूरे प्रदेश से आये संस्थान के परिक्षेत्रीय/जनपदीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय उ0प्र0 **डा0 संजीव कुमार गुप्ता** बैठक के **मुख्य अतिथि** रहें तथा श्री नवीन अरोरा अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकि सेंवाएं पुलिस मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ, श्री मोदक राजेश डी0 राव पुलिस महानिरीक्षक स्थापना मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, श्री आशुतोष मिश्र पुलिस अधीक्षक भवन एवं कल्याण पुलिस मुख्यालय लखनऊ व लखनऊ में सेवारत अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

सर्वप्रथम वर्ष 2023 से 2025 तक दिवंगत कुल 296 पुलिस पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी गयी। तत्पश्चात संस्थान के महासचिव नें अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि कतिपय कारणों से 03 वर्ष से भी ज्यादा समय के बाद हमारी यह वार्षिक बैठक सम्पन्न हो रही है। उन्होंनें बताया कि कई जनपदों में उ0प्र0 पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान के लिये कार्यालय कक्ष उपलब्ध नहीं थे। इस सम्बन्ध में संस्थान, पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 एवं अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय उ0प्र0 के प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश के 75 जनपदों में इकाईयों का गठन हो चुका है और इकाईयां क्रियाशील भी हो गयी है। इसमें जोनल स्तर पर की जाने वाली जनपदीय अध्यक्षों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा । वर्तमान में मात्र 05 जनपद आजमगढ़, मऊ, फतेहगढ़, बलरामपुर, बहराइच ऐसे हैं जिन्हें अभी तक कार्यालय कक्ष उपलब्ध नहीं कराया जा सका है, आदि बिन्दुओं को प्रमुखता से उठाया।

प्रदेश के सभी जनपदीय इकाईयों में सदस्यता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य में कमिश्नरेट प्रयागराज प्रथम स्थान पर एवं कमिश्नरेट आगरा द्वितीय स्थान पर रहे। उ0प्र0 पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान के अध्यक्ष श्री सुलखान सिंह द्वारा कमिश्नरेट प्रयागराज एवं कमिश्नरेट आगरा के अध्यक्षों को मोमेंटों देकर उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय डा0 संजीव गुप्ता द्वारा संस्थान के राज्यस्तरीय पदाधिकारियों का निर्वाचन सम्पन कराया गया जिसमें **श्री ए0के0 जैन पुलिस महानिदेशक (से0नि0) अध्यक्ष**, **श्री अनिल कुमार मिश्रा पुलिस महानिरीक्षक (से0नि0) उपाध्यक्ष**, **श्री आर0के0 चतुर्वेदी पुलिस महानिरीक्षक (से0नि0) महासचिव**, **श्री श्यामपाल सिंह पीपीएस (से0नि0) सचिव प्रथम**, **श्री महेन्द्र त्रिपाठी पीपीएस (से0नि0) सचिव द्वितीय व आर0एल0 निरंजन पीपीएस (से0नि0) कोषाध्यक्ष पद** हेतु निर्वाचित हुए।

अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय उ0प्र0 डा0 संजीव गुप्ता द्वारा पेंशनरों की समस्याओं के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय द्वारा की जा रही कार्यवाही का विवरण दिया गया तथा पुलिस पेंशनरों को पुलिस कार्यालयों एवं थानो आदि में सम्मान दिये जाने की प्रतिबद्धता जतायी गयी तथा पुलिस पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु हर सम्भव प्रयास करने का आश्वासन दिया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय उ0प्र0 ने संस्थान के अध्यक्ष श्री सुलखान सिंह पुलिस महानिदेशक (से0नि0) को अध्यक्ष पद पर लगातार 03 वर्षों तक सेवा दिये जाने पर सम्मानित किया एवं भावभीनी विदाई दी।





